वन उत्पादकता संस्थान, रांची

75 वीं स्वतंत्रता दिवस समारोह

वन उत्पादकता संस्थान, रांची में **75 वें** स्वतन्त्रता दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ० नितिन कुलकर्णी के द्वारा पूर्वाहन 9.00 बजे संस्थान के प्रांगण मे हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी केन्द्रों (Environmental Research Station Sukna, Forest Research & Extension Centre , Patna, Forest Research Center, Mandar, N. B. Farm, Chandwa) में भी स्वतन्त्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया एवं राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

संस्थान के निदेशक महोदय ने अपने उद्‌बोधन में देश की 75वीं आजादी की वर्षगांठ पर आजादी से पूर्व से लेकर अबतक देश की वर्तमान उन्नति पर विस्तार से प्रकाश डाला| भारत वर्ष को स्वतंत्र कराने के लिए कितने महान पुरुषों ने अपनी जन कुर्बानी दी, इस पर भी चर्चा की। इस अवसर पर वर्तमान में वैश्विक महामारी COVID-19 के बारे मे चर्चा तथा तत्काल में इस वैश्विक महामारी COVID-19 से कैसे सुरक्षित रहें पर अपना विचार से अवगत कराया गया एवं भारत सरकार द्वारा MHA ,COVID – 19 के लिए निर्देशित नियमों का अनुपालन भी किया गया| अपने सम्बोधन में संस्थान के सभी वरिष्ठ वैज्ञानिकों अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कहा की पर्यावरण एवं प्रकृति को सुरक्षित रखने के लिए आम लोगों एवं विद्यार्थियों में जागरूकता लाने की आवश्यकता हैं।

संस्थान के निदेशक ने अपनी आजादी पश्चात देश के विकास के लिए अपने –अपने क्षेत्र में निष्ठापूर्वक योगदान की अपील की। कठिन त्याग और बलिदान से प्राप्त आजादी को हमें बनाये रखना हैऔर इस्के लिए देश का विकास आवश्यक है। इसके लिये कर्तव्यों को इमांदारी पूर्वक निर्वहन करना होगा। पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन से हो रहे समस्याओं को वानिकी द्वारा निदान किया जा सकता हैं, पर भी अपना विचार रखा।

पर्यावरण में सुधार कर ऐसी महामारियों के निदान में हम सहयोग कर सकते हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि वानिकी के क्षेत्र में प्राप्त उपल्बधि को जन–जन तक पहुंचायें। इस्के लिए परिषद एवं संस्था की ओर से अनेकों परियोजनायें, वन विज्ञान केंद्र,प्रदर्शन ग्राम, किसान मेला, संगोष्ठियां आदि का संचालन किया जा रहा है।

संस्थान के निदेशक ने अपने सम्बोधन मे निकट भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में वैज्ञानिकों के द्वारा की गयी प्रगति पर भी चर्चा की एवं कार्य क्रम समापन की घोषणा की गयी।

स्वतंत्रता दिवस, 2021 की झलकियां

स्वतंत्रता दिवस, 2021 की झलकियां

स्वतंत्रता दिवस, 2021 की झलकियां

स्वतंत्रता दिवस, 2021 की झलकियां

पर्यावरण अनुसंधान केंद्र, सुकना में आयोजित स्वतंत्रता दिवस, 2021 की झलकियां

वानिकी अनुसंधान एवं विस्तार केंद्र, जदुआ में आयोजित स्वतंत्रता दिवस, 2021 की झलकियां

वन अनुसंधान केंद्र, मांडर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस, 2021 की झलकियां

लाह बीज फार्म, चंदवा में आयोजित स्वतंत्रता दिवस, 2021 की झलकियां